जयलक्ष्मी ईश्वर
अकादेमी पुरस्कारः भरतनाट्यम

JAYALAKSHMI ESHWAR
Akademi Award: Bharatanatyam

नई दिल्ली में 8 सितंबर 1951 को जन्मी, श्रीमती जयलक्ष्मी ईश्वर भरतनाट्यम की प्रसिद्ध नृत्यांगना और शिक्षिका हैं। आपने प्रारम्भ में पकड़ीस्वामी पिल्लई और बाद में कलाक्षेत्र, चेन्नई में रुक्मिणी देवी अरुंडेल के अधीन भरतनाट्यम का प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

श्रीमती जयलक्ष्मी ने देश–विदेश में आयोजित प्रतिष्ठित नृत्य समारोहों में बड़े पैमाने पर अपनी प्रस्तुतियाँ दी है। 9 जनवरी 2023 को इंदौर में प्रवासी भारतीय दिवस पर 'प्रगतिशील भारत' की प्रस्तुति हुई थी, उसकी कोरियोग्राफर, कलाकार और कलात्मक निर्देशक आप ही थीं। आपने कई शोध परियोजनाएँ शुरू की हैं और अपने काम के लिए आपको भारत सरकार से फेलोशिप भी मिली है। श्रीमती जयलक्ष्मी ने यूरोप, स्कैंडिनेविया, दक्षिण अमेरिका, मध्य पूर्व आदि के कई देशों में प्रदर्शन और कार्यशालाओं के माध्यम से भारतीय संस्कृति के लिए मंच निर्माण का प्रयास किया है। आपने ऑडियो कैसेट के साथ–साथ भरतनाट्यम पर एक निर्देशात्मक पुस्तक सहित कई पुस्तकों की रचना की है।

आपको कनाडा के टोरंटो स्थित तमिल संस्कृति सम्मेलन द्वारा भरतनाट्यम में योगदान के लिए नाट्य थरगई (1996) पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। आपको संस्कृति मंत्रालय की वरिष्ठ अध्येतावृत्ति भी मिल चुकी है।

श्रीमती जयलक्ष्मी ईश्वर को भरतनाट्यम में योगदान के लिए वर्ष 2021 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 8 September 1951 in New Delhi, Shrimati Jayalakshmi Eshwar is a well-known Bharatanatyam performer and teacher. She trained initially under Pakriswami Pillai and later under Rukmini Devi Arundale at Kalakshetra, Chennai.

Shrimati Jayalakshmi has performed extensively in India and abroad in prestigious dance festivals. She is a choreographer-cum-performer and artistic director for the production 'Pragathisheel Bharat' at the 17th Pravasi Bharatiya Divas at Indore on 9 January 2023. She has undertaken several research projects and received fellowship from the Government of India for her work. Shrimati Jayalakshmi has also striven to create platforms for exposure of Indian culture through performances and workshops in several countries of Europe, Scandinavia, South America, Middle East, etc. She has published several books including an instructional book on Bharatanatyam along with audio cassettes.

Among the awards received by her are the Natya Tharagai 1996 in Bharatnatyam from Tamil culture conference, Toronto, Canada. She has also been the recipient of a Senior Fellowship of the Ministry of Culture.

Shrimati Jayalakshmi Eshwar receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2021 for her contribution to Bharatanatyam.